>

Title: Need to establish a National Sports University in Jhunjhunu, Rajasthan - Laid

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): झुंझुनू (राजस्थान) में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय खोला जाये । आज युवा जनसंख्या के अत्यधिक उत्साही और गतिशील वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं । भारत विश्व के सबसे युवा राष्ट्रों में एक है । शेखावटी के जिला झुंझुनू में देश को सबसे ज्यादा सैनिक दिये हैं । यहां के खिलाड़ी पूरे राज्य में ही नहीं अपितु देश में अपने खेल का लोहा मनवाते हैं । यहां बॉलीबाल एकेडमी गत तीन वर्षों से नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल लेती आई है । शिक्षा विभाग, स्पोटर्स, काउंसिल ,खेल संगठनों, ओपन प्रतियोगिता एवं जितनी भी अन्य खेल प्रतयोिगतायें आयोजित होती है, इसमें झुंझुनू का वर्चस्व रहा है । यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के बाद ज्यादातर खेलों में रूचि होने के कारण ग्वालियर, पटियाला, महाराष्ट्र और देश के अन्य राज्यों में सी.पी.ई.डी., डी.पी.ई.डी., बी.पी.ई., बी.पी.ई. डी., एम.पीईडी, एक्स.आई.एस. डिग्रियों के लिए ट्रेनिंग करने बाहर जाते हैं । जितने भी खेल विश्वविद्यालय हैं उनमें ज्यादातर ट्रेनीज झुंझुनू के हैं । यहां खेल का एक जोश और जुनून है । अतः खिलाड़ियों, अभिभावकों, सैनिकों, कर्मचारियों आदि सभी की भावना को देखते हुए झुंझुनू जिले में खेल विश्वविद्यालय होगा तो देश को मैडल मिलने की ज्यादा सुविधा होगी । अभी कोलम्बो, श्रीलंका में राजवीर भालोठिया, जो 13 जुलाई, 2018-2019 तक आयोजित हुई हैं, उसमें डिस्कस थ्रो दो गोल्ड और शॉटपुट में सिल्वर मेडल लिया है । जतिन अंतर्राष्ट्रीय बॉलीबाल खिलाड़ी, भास्कर-अर्जुन अवार्डी, दर्शन सिंह – बास्केटबाल खिलाड़ी, रामअवतार (बॉलीबाल खिलाड़ी) इसी प्रकार एथेलेटिक्स में बहुत नाम है । इन उपलब्धियों को मद्दे नजर रखते हुए झुंझुनू में खेल विश्वविद्यालय की उपयोगिता है । अतः झुंझुनू, राजस्थान में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय खोला जाये ।